प्रेसनोट थाना कोतवाली
जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक - 23.05.2026

थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 02 मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे रोकथाम अपराध व गिरफ्तारी अपराधी के सघन अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम को बडी सफलता हासिल हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 18.05.2026 को वादी श्री अखिल मिश्रा पुत्र राम कुमार मिश्रा नि0ग्राम मदरोली थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर ने थाना कोतवाली पर तहरीर देकर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प0 रामप्रसाद विस्मिल अस्पताल शाहजहाँपुर से वादी की मोटर साइकिल हीरो सुपर स्पलेन्डर रजि0 न0 UP-27 AM-1392 रंग लाल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 151/2026 धारा 303(2) बी.एन.एस पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 22.05.2026 को वादी श्री बारिक पुत्र निशार अली नि0ग्राम बरुआरा थाना पचदेवरा जनपद हरदोई ने भी वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प0 रामप्रसाद विस्मिल अस्पताल शाहजहाँपुर से वादी की मोटर साइकिल हीरो स्पलेन्डर रजि0 न0 UP-30 BE - 6258 रंग काला चोरी हो जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली मु0अ0सं0 161/2026 धारा 303(2) बी.एन.एस पंजीकृत कराया गया। घटना को गम्भीरता से लेते हुए घटना के सम्बन्ध शीघ्र अनावरण हेतु थाना कोतवाली पर पुलिस द्वारा टीम का गठन किया गया। आज दिनांक 23.05.2026 को थाना कोतवाली पुलिस टीम को दौराने वाहन चैकिंग जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि जिला अस्पताल से मोटर साईकिल चुराने वाले चोर उक्त चोरी की मोटरसाईकिल लेकर कैरूगंज से गौशाला होते हुए, सीतापुर बरेली हाईवे की तरफ आ रहा है यदि जल्दी की जाए तो मय वाहन के पकडे जा सकते है उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखविर द्वारा बताये अनुसार दो मोटरसाईकिल को घेरघोट कर पकड़ लिया, पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो पहने व्यक्ति ने अपना नाम आलोक गौतम पुत्र सुबोध कुमार गौतम नि0ग्राम कलवापुर थाना सिधौली जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 20 वर्ष जिसके कब्जे से 01 मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट जिसका चेचिस न0 MBLJAR167J9E21223 तथा दूसरे व्यक्ति से नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम चंदन कश्यप पुत्र रामअवतार कश्यप नि0मो0 रामनगर कालोनी थाना बंडा जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 19 वर्ष जिसके पास से बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाईकिल जिसका चैचिस न0 MBLHAW126MHBB0009 बरामद हुई जिनको ई चालान एप्प पर चेक किया गया तो दोनों मोटरसाईकिल थाना हाजा पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित होना पायी गयी। जिनसे मोटरसाईकिल के सम्बन्ध मे पूछा गया तो दोनों ने बाईक की चोरी मिलकर करना बताया। चंदन जिला अस्पताल में जाकर रेकी करता है कि किस बाईक के लाक का पिन टूटा हुआ है तथा कौन सी बाईक कैमरे की जद से बाहर खडी है तथा फिर उक्त बाईक की सूचना मुझे देता था तथा फिर चंदन आने जाने वाले व्यक्तियों पर निगरानी रखता है तथा मौका मिलते ही आलोक बाईक लेकर बाहर चला जाता था इस तरह हमने उक्त मोटरसाइकिलों को चोरी किया था। दोनो बाईको की नंबर प्लेटो को तोडकर रास्ते मे ही गर्रा नदी में फेंक दिया था तथा उक्त दोनों बाईकों को बेचने के उद्देश्य से आज हरदोई जा रहे थे परंतु आपने बीच मे ही पकड लिया। साहब हमसे गलती हो गयी है, कभी भी ऐसी गलती नहीं करेगे। अभियुक्तगण उपरोक्त को उनके जुर्म व धारा से अवगत कराते हुए कारण गिरफ्तारी बताकर समय 14.17 बजे हिरासत पुलिस लिया गया। अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पंजीकृत अभियोगः-

1.मु0अ0स0 161/26 अंतर्गत धारा 303(2)/317(2) बी.एन.एस थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।

2 मु0अ0स0 151/26 अंतर्गत धारा 303(2)/317(2) बी.एन.एस थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. आलोक गौतम पुत्र सुबोध कुमार गौतम उम्र करीब 20 वर्ष, नि0ग्राम कलवापुर थाना सिधौंली जनपद शाहजहाँपुर।
2. चंदन कश्यप पुत्र रामअवतार कश्यप उम्र करीब 19 वर्ष, नि0मो0 रामनगर कालोनी थाना बंडा जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरण-

1. 01 मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट, चेचिस न0 MBLJAR167J9E21223 बरामद।
2. 01 की मोटरसाईकिल बिना नम्बर प्लेट, चैचिस न0 MBLHAW126MHBB0009 बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान व समयः- बरेली सीतापुर हाईवे से 100 मीटर गोशाला की तरफ थाना कोतवाली शाहजहाँपुर दिनांक 23.05.2026 समय 14.17 बजे।

अपराधिक इतिहास (अभियुक्त आलोक):-

1.मु0अ0सं0 259/2024 धारा 317(2)/317(40/315(5) बीएनएस थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर।

2.मु0अ0सं0 456/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर।

3.मु0अ0सं0 140/2025 धारा 303(2)/352 बीएनएस थाना सिंधौली जनपद शाहजहांपुर।

4.मु0अ0स0 161/26 अंतर्गत धारा 303(2) 317(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।

5. मु0अ0स0 151/26 धारा 303(2) /317(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद शाहजहांपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 श्री विनय कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री कुमार गौरव थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
3. रि0का0 अरुण कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
4. रि0का0 दिलबहार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
5. रि0का0 आकाश कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
6. रि0का0 विनय थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर